तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट बावजूद सूचना के आज भी अनुपस्थित। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट संख्या 1 से 3 उपस्थित। रूक–रूक कर तीन–चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी अपीलांट तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। हमने पत्रावली का अवलोकन किया जिसके अनुसार अधिवक्ता अपीलांट प्रकरण में दिनांक 06.05.2026 को भी अनुपस्थित रहे हैं अर्थात् अधिवक्ता अपीलांट अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः न्यायालय समय में रूक–रूक कर आवाजें लगवाई गई फिर भी अपीलांट तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय निर्णय की प्रति के प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official